## विचार बिन्दु

**हमारी आनंदपूर्ण बदकारियाँ ही हमारी उत्पीड़क चाबुक बन जाती हैं। –शेक्सपियर**

# रामचरितमानस की समकालीन व्याख्या के दार्शनिक सूत्र

रामचरितमानस पर विगत शताब्दियों में असंख्य टीकाएँ, भाष्य और प्रवचन हुए हैं–किंतु उनमें अधिकांश या तो कथा–प्रवाह के रूप में सीमित रहे हैं, या केवल धार्मिक और भावनात्मक पक्ष को ही प्रतिध्वनित करते रहे हैं। समकालीन वैश्विक विमर्शों–जैसे मानव उत्कर्ष, आत्मबोध, नैतिक नेतृत्व, संज्ञानात्मक विज्ञान, प्रसन्नता का विज्ञान, प्रज्ञा का विज्ञान, जीवन में अर्थ की अनुभूति, और नैतिक निर्णय का मनोविज्ञान आदि–के आलोक में मानस के सैद्धांतिक पद्यों की गूढ़ व्याख्या की जो आवश्यकता थी,वह अब तक उपेक्षित रही है। यह प्रस्तुति इस रिक्ति की पूर्ति का एक निष्ठावान प्रयास है–जिसमें तुलसीकृत पदों को आधुनिक मानव के बौद्धिक, नैतिक, भावनात्मक और सामाजिक जीवन से इस प्रकार जोड़ा गया है कि वे पूज्य रहकर भी प्रयोज्य बनें; केवल कथ्य न रहकर पथ्य बनें। ऐसी समन्वित, संवादधर्मी और तात्त्विक व्याख्या पूर्ववर्ती परंपरा में दुर्लभ है–और संभवतः पहली बार इस प्रकार के विमर्श में मानस को वैश्विक और समसामयिक अर्थ–स्तरों पर प्रतिष्ठित किया गया है।

नवोन्मेषी,तात्त्विक और समसामयिक दृष्टिकोण से की गईरामचरितमानसकी यह व्याख्या आज के वैश्विक परिदृश्य में केवल आध्यात्मिक नहीं,बल्कि सामाजिक, मानसिक, आर्थिक, नैतिक, पर्यावरणीय और वैश्विक शांति के स्तर पर भी एक गहन मार्गदर्शक बनकर उभरती है। आज जब विश्व समाज मानसिक स्वास्थ्य संकट, सामाजिक विषमता, आर्थिक असंतुलन,नैतिक भ्रम,पारिवारिक विघटन, पर्यावरणीय पतन और अंतरराष्ट्रीय तनावों के दौर से गुजर रहा है–तब मानस का यह पुनर्पाठ आत्मबोध, करुणा, अर्थपूर्ण जीवन, और विवेकपूर्ण निर्णय की ओर एक ठोस सांस्कृतिक–सांवैधानिक सेतु प्रस्तुत करता है, जो मानव उत्कर्ष के समकालीन वैज्ञानिक प्रतिमानों से गहराई से मेल खाता है।

सामाजिक स्तर पर यह व्याख्या सम्मान, संवाद और समावेशिता के माध्यम से सामाजिक बंधुत्व और न्याय आधारित सह–अस्तित्व को पोषित करती है। आर्थिक क्षेत्र में यह सीमित उपभोग, नैतिक उत्पादन, और सहकारी विकास की प्रेरणा देती है। पारिवारिक जीवन में यह स्नेह, श्रम और सम्मान के तंतु बुनती है, जो सामूहिक मानसिक स्वास्थ्य और आपसी विश्वास की आधारशिला बनाते हैं।

पर्यावरणीय दृष्टि से मानस की के माध्यम से पृथ्वी को धर्मस्वरूप मानने की चेतना को पुनर्स्थापित करती है–जो आधुनिक पारिस्थितिक नैतिकता और जलवायु न्याय से सीधे जुड़ती है। यह दृष्टिप्रकृति के साथ युद्ध नहीं, संवाद और संतुलन को प्राथमिकता देती है।

और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर–जहाँ युद्ध, उग्रवाद, और सभ्यताओं के संघर्ष की आशंकाएँ गहराती जा रही हैं–रामचरितमानस की यह मानवतावादी व्याख्या परहित सरिसधरमनहिं भाई जैसे मूल्यों को विश्व चेतना में स्थापित कर सकती है। यह शांति केवल युद्धविराम नहीं, बल्किअंतः शांति, सांस्कृतिक सहिष्णुता, औरनैतिक कूटनीति के मार्ग से आती है। इस संदर्भ में मानस की यह प्रस्तुति वैश्विक शांति–निर्माण और संघर्ष–परिवर्तन के लिए एक नैतिक–दार्शनिक ढांचा प्रदान करती है।

इस प्रकार यह समन्वित व्याख्या रामचरितमानस को केवल एक धार्मिक ग्रथ नहीं, बल्कि 21वीं सदी की बहुआयामी वैश्विक चुनौतियों–मानवता, प्रकृति और विश्व व्यवस्था–के समाधान का एक जीवंत स्त्रोत बनाकर प्रस्तुत करती है। यह अतीत के शाश्वत सत्य को वर्तमान की भाषा में अनुवादित कर भविष्य की दिशा प्रस्तावित करती है–जहाँ आस्था और बौद्धिकता, परंपरा और नवोन्मेष, भारत और विश्व–एक ही संवाद में समाहित हो सकें।

रामचरितमानस केवल एक भक्तिग्रंथ नहीं, अपितु भारतीय चेतना की बहुलवर्णी धारा है, जिसमें शब्द केवल वर्ण नहीं, जीवित मूल्य बनकर प्रवाहित होते हैं। यह काव्य उस सांस्कृतिक आत्मा का साक्षात् रूप है, जो युगों–युगों से मानव को केवल ईश्वर की ओर नहीं, अपने भीतर की समष्टिगत दिव्यता की ओर ले जाती रही है। इसके पद्यरूप–दोहा, चौपाई, सोरठा और विविध छंद–जैसे विभिन्न स्तरों पर एक ही सत्य की बहुभाषिक अभिव्यक्ति हैं। उनमें कथा की सरलता, भावना की तीव्रता और सिद्धांत की गंभीरता का ऐसा त्रिवेणी–संगम है, जो मानस को केवल पाठ नहीं, प्रज्ञा, प्रेम और पुरुषार्थ का अद्वितीय प्रकाशपुंज बना देता है। इसीलिए, इस व्याख्या का ध्येय केवल व्याख्यान नहीं, आत्मसात् है–जिसमें हम मानस के सैद्धांतिक पद्यांशों को समकालीन दृष्टिकोण से देखने का साहस करें, और उन्हें जीवन में उतारने की दिशा प्राप्त करें।

रामचरितमानस की रचना केवल एक काव्य नहीं, अपितु एक समग्र जीवन–दर्शन है, जो भाषा, भक्ति और बुद्धि को समान रूप से आलोकित करता है। इसमें प्रयुक्त दोहे, चौपाइयाँ, सोरठे और छंद केवल भावनात्मक कविता नहीं हैं, वे अर्थ, भावना और दृष्टि के वाहक हैं। तुलसीदास ने इस ग्रंथ में ऐसी रचनात्मक संरचना की है जो कथा, भावना और सिद्धांत–तीनों को समान समर्पण से प्रस्तुत करती है। यदि हम इसकी पद्यविन्यास को अंतर्वस्तु के आधार पर देखें, तो मोटे रूप में तीन प्रकार के पद्य–कथानक, भावप्रधान और सैद्धांतिक–स्पष्ट होते हैं।

> **रामचरितमानस की रचना केवल एक काव्य नहीं, अपितु एक समग्र जीवन-दर्शन है, जो भाषा, भक्ति और बुद्धि को समान रूप से आलोकित करता है। इसमें प्रयुक्त दोहे, चौपाइयाँ, सोरठे और छंद केवल भावनात्मक कविता नहीं हैं, वे अर्थ, भावना और दृष्टि के वाहक हैं। तुलसीदास ने इस ग्रंथ में ऐसी रचनात्मक संरचना की है जो कथा, भावना और सिद्धांत-तीनों को समान समर्पण से प्रस्तुत करती है।**

कथानक अंशों में रामकथा के विविध प्रसंग–जैसे श्रीराम का जन्म, वनगमन, युद्ध और राज्याभिषेक–का प्रवाह होता है। ये चौपाइयाँ कथा की गति को वहन करती हैं, पर वे केवल घटनाओं का विवरण नहीं, नैतिक दृष्टिकोण भी प्रस्तुत करती हैं। ये पद्य आज के समय में लोकहितकारी नेतृत्व जैसे विचारों को प्रत्यक्ष या प्रतीकात्मक रूप में प्रकट करते हैं।

भावप्रधान अंश मानस की आत्मा हैं। ये वे पद्य हैं जो श्रद्धा, प्रेम, करुणा, त्याग और भक्ति जैसे भावों को गहराई से स्पर्श करते हैं। ये केवल भक्तिपूर्ण अभिव्यक्तियाँ नहीं, बल्कि पूर्ण आत्मसमर्पण और आत्म–दया की उस परंपरा से जुड़ी हैं जो आज मानसिक स्वास्थ्य, आत्म–सम्मान और आत्म–स्वीकृति के विमर्शों में अत्यंत प्रासंगिक मानी जाती है।

परंतु सबसे महत्वपूर्ण और आज के संदर्भ में अत्यंत उपयोगी, मानस के सैद्धांतिक पद्य हैं। यहीं वह गूढ़ तत्व प्रकट होता है जो रामचरितमानस को एक सार्वकालिक जीवन–संहिता बना देता है। इन अंशों में तुलसीदास ने वैदिक ज्ञान, उपनिषदों की तत्वमीमांसा, भक्ति–सूत्रों की भावना और योगदर्शन की मनोवैज्ञानिक अंतर्दृष्टियों को अत्यंत सरल अवधी भाषा में प्रस्तुत किया है। यह केवल आध्यात्मिक अनुभूति नहीं, बल्कि संज्ञानात्मक–भावनात्मक आरोपण का सूत्र है–जिससे यह समझा जा सकता है कि व्यक्ति जैसा सोचता है, वैसा ही अनुभव करता है। उसकी चेतना जिस प्रकार ढली होती है, उसी प्रकार उसका ईश्वर, संसार और स्वयं का बोध निर्मित होता है।

इन सैद्धांतिक अंशों को समकालीन संदर्भ में समझना इसलिए आवश्यक है क्योंकि आज मानवता केवल बाह्य संसाधनों से नहीं, आंतरिक क्षमताओं से भी संघर्ष कर रही है। आज का वैश्विक विमर्श मानव उत्कर्ष की ओर उन्मुख है, जिसमें केवल शारीरिक या आर्थिक सफलता नहीं, बल्कि भावनात्मक संतुलन, आत्मबोध, नैतिक स्पष्टता, संबंध बुद्धि और उद्देश्यपरक जीवन को मिलाकर समग्र जीवन की परिकल्पना की जाती है। रामचरितमानस के सैद्धांतिक पद्य इसी दिशा में सूक्ष्म और प्रासंगिक मार्गदर्शन देते हैं।

नीतिपरक कथनों में संबंधों की परीक्षण–क्षमता, गुणधर्म आधारित नैतिकता और संकट में धैर्य एवं दृढ़ता जैसे तत्त्व अंतर्निहित होते हैं–जो आज के नेतृत्व और मनोविज्ञान के केंद्र में हैं। ये केवल आदर्श स्थापित नहीं करते, बल्कि मूल्याधारित प्रतिक्रिया को संभव बनाते हैं।

इसी प्रकार समावेशी चेतना और गहन सहानुभूति जैसी अवधारणाएँ, जो आज के वैश्विक नैतिक विमर्श का आधार हैं, मानस के उन सूत्रों में सहजता से व्यक्त होती हैं जहाँ प्रत्येक प्राणी को राममय देखा जाता है। यह दृष्टि केवल धार्मिक सहिष्णुता नहीं सिखाती, बल्कि आंतरिक गरिमा और सार्वभौमिक सम्मान का अभ्यास कराती है।

समकालीन वैश्विक दर्शन में भी वही अंतर्दृष्टियाँ अब पुनः प्रगट हो रही हैं–जैसे अस्तित्ववादी मनोविज्ञान में अर्थ–रचना की भूमिका, सकारात्मक मनोविज्ञान में कृतज्ञता, करुणा और उद्देश्य, तंत्रिका–विज्ञान में ध्यानात्मक अवस्थाओं द्वारा मानसिक लचीलापन और सार्वजनिक नैतिकता में गरिमा–आधारित नेतृत्व आदि हैं। रामचरितमानस के सैद्धांतिक पद्य इन सभी से गहन संवाद करते हैं–उनसे टकराते नहीं, बल्कि उन्हें नवाचारी, कल्याणकारी और पूरक दृष्टि प्रदान करते हैं।

इसलिए जब मैं रामचरितमानस के सैद्धांतिक अंशों की समकालीन व्याख्या करता हूँ, तो मेरा उद्देश्य केवल परंपरा का अनुकरण करना नहीं, बल्कि संवादात्मक ज्ञान का अभ्यास करना है। यह प्रयास इस विश्वास से प्रेरित है कि मानस न तो केवल पूज्य ग्रेंथ है, न केवल सांस्कृतिक स्मृति है। यह एक जीवंत जीवन–व्यवस्था है, जिसमें व्यक्ति की चेतना, उसका चरित्र और उसका समुदाय–तीनों के लिए गहरा मार्गदर्शन समाहित है। यदि हम इसे केवल पूजेंगे, तो यह मूर्ति बनकर रहेगा। यदि इसे समझेंगे, तो यह दर्पण बनेगा। और यदि इसे जीएँगे, तो यह जीवन–पद्धति बन जाएगा–जिससे न केवल व्यक्ति, बल्कि समाज और संस्कृति–तीनों स्पष्टता, श्रद्धा और विवेक के साथ समृद्ध हो सकेंगे। यही मानस का समकालीन और वैश्विक सत्य है।

आज जब मानवता बाह्य साधनों की प्रचुरता और आंतरिक दिशाहीनता–दोनों के द्वंद्व में उलझी हुई है, तब रामचरितमानस के सैद्धांतिक अंश हमें स्थायित्व, विवेक और करुणा की पुनःस्थापना का आव्हान करते हैं। यह ग्रंथ हमें स्मरण कराता है कि अध्यात्म केवल सन्यास नहीं, अपितु संलग्न कर्म में सार्थकता की खोज है; कि भक्ति केवल भावुकता नहीं, अपितु समर्पित विवेक का नाम है; और कि जीवन की प्रत्येक चुनौती–चाहे वह व्यक्तिगत हो या सामाजिक–उसकी गूंज मानस की किसी चौपाई में पूर्वाभासित है। जब हम इन गूढ़ पद्यों को समकालीन संदर्भ में समझते हैं, तो न केवल ग्रंथ जीवंत होता है, बल्कि हम स्वयं भी अधिक जागरूक, उत्तरदायी और करुणाशील मानव बनते हैं। यही रामचरितमानस की सार्वकालिक और सार्वभौमिक विजय है–कि वह समय के साथ, हर युग के साथ और अधिक प्रासंगिक हो उठता है।


व्याख्या जारी रहेगी !

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( इंडियन फारेस्ट सर्विस से सेवानिवृत्त, वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं। )**

# न्याय और पारदर्शिता की बजाय लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइज़ेशन योजना लापरवाही से अन्याय का औजार बन गई



सुचित्रा आर्य



स्व. चौधरी कुम्भाराम आर्य

26 अक्टूबर वह तिथि है, जो केवल एक व्यक्ति की पुण्यतिथि नहीं, बल्कि एक विचार, चेतना और युग की स्मृति है। यह वही दिन है जब किसानों के अधिकारों के अग्रदूत, न्याय और समता के प्रतीक चौधरी कुम्भाराम आर्य इस धरती से विदा हुए थे। वे उन विरले जननायकों में थे जिनके शब्द नीति बन गए और जिनकी दृष्टि ने किसानों को सामंती अंधकार से निकालकर अधिकारों के प्रकाश में ला खड़ा किया। सन् 1944 में बीकानेर रियासत के इतिहास ने नई करवट ली जब चौधरी साहब ने पहली बार भूमि रिकॉर्ड तैयार करने की मांग रखी। यह केवल प्रशासनिक सुधार नहीं था, बल्कि किसानों की गरिमा और आत्मसम्मान का घोष था। वे जानते थे कि जब तक किसान कागज़ पर अदृश्य है, उसका अस्तित्व भी असुरक्षित है। उनका मानना था–अधिकार की नींव कागज़ में नहीं, सत्य में होती है; पर उस सत्य को प्रमाण कागज़ ही देता है।

उनके नेतृत्व में राजस्थान ने भूमि सुधारों की वह यात्रा शुरू की, जिसने किसान को खेत की मिट्टी से नहीं बल्कि उसके अधिकार से जोड़ा। काश्तकारी अधिनियम पारित हुआ, खातेदारी अधिकारों की स्थापना हुई और 1952 से 1966 तक चले भूमि सुधार कार्यक्रमों ने ग्रामीण समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन किए। राजस्व नियमों के अनुसार हर बीस वर्ष में भूमि अभिलेखों का पुनः सर्वेक्षण होना चाहिए। 1972 में कांग्रेस सरकार के समय अंतिम बार पैमाइस और रिकॉर्ड दुरुस्ती हुई थी, पर उसके बाद दशकों तक प्रशासनिक सुस्ती छाई रही। सीमाएँ बदलीं, खेतों का आकार घटा–बढ़ा, मगर अभिलेख पुराने ही रहे। इस उपेक्षा ने भविष्य के विवादों की नींव रख दी, जिसके दुष्परिणाम आज किसान भुगत रहे हैं।

**2019 में डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड :** मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम (DILRMP)" योजना शुरू हुई तब से अब तक इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के 11 जिलों की 134 तहसीलों में सर्वे–रिसेर्वे कार्य चल रहा है ! योजना का उद्देश्य था–भूमि अभिलेखों को पारदर्शी, सटीक और डिजिटल बनाकर किसानों को आत्मनिर्भर बनाना। योजना जितनी आकर्षक सुनाई दी, उसका क्रियान्वयन उतना ही अव्यवस्थित और निराशाजनक निकला। हनुमानगढ़ जिले की रावतसर तहसील इसका ताजा उदाहरण है। ग्राम पंचायत मोटेर सहित लगभग 12 गाँवों में रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन के नाम पर हुए सर्वेक्षण में भारी अनियमितताएँ सामने आईं। सेटलमेंट टीमों ने नए नक्शों में खेतों की सीमाएँ बदल दीं, किसानों की वास्तविक भूमि से छेड़छाड़ कर नए रेखांकन तैयार किए, जबकि नियमानुसार यह कार्य गाँव की सीमा से शुरू होकर प्रत्यक्ष निरीक्षण द्वारा होना चाहिए था। न ग्राम सभा बुलाई गई, न किसानों से संवाद हुआ। अधिकारी मान बैठे कि खेत उपग्रहों से नापे जा सकते हैं, और सारा सर्वे दफ्तरों में उपग्रह चित्रों के सहारे पूरा हुआ।

यदि ये त्रुटिपूर्ण नक्शे अंतिम रूप ले लिए गए, तो किसान वर्षों तक अपनी ही भूमि के सत्य को अदालतों में सिद्ध करता रहेगा। जहाँ रिकॉर्ड में गलती हुई, वहाँ अधिकार संदिग्ध हो गए; जहाँ सीमाएँ बदलीं, वहाँ पड़ोसी विवाद भड़क उठे हैं परिणामस्वरूप अनेक किसानों की ज़मीन का रकबा घट गया, सीमाएँ उलझ गईं और उनका विश्वास प्रशासनिक व्यवस्था से डगमगा गया। यह केवल मोटेर या हनुमानगढ़ की कहानी नहीं, बल्कि पूरे राज्य के प्रशासनिक चरित्र की परीक्षा है। यदि यही स्थिति रही तो आने वाले वर्षों में हजारों किसान तहसीलों और अदालतों के चक्कर काटते रहेंगे। रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन का उद्देश्य जहाँ विवाद मिटाना था, वहीं यह अब विवादों की जड़ बन गया है।

दुर्भाग्य यह भी है कि इस प्रक्रिया के महत्व को अधिकांश जनप्रतिनिधि समझ ही नहीं पाए हैं। जो योजना किसान की सुरक्षा के लिए बनी थी, वह आज उसकी असुरक्षा का कारण बन गई है। यह केवल विडंबना नहीं, नीति–निष्ठा की परीक्षा है। किसान जाए तो जाए कहाँ? सरकारी गलती सुधारने की ठोस व्यवस्था नहीं, स्थानीय प्रतिनिधियों में जानकारी का अभाव और प्रशासनिक जवाबदेही का संकट – इन सबके बीच किसान उसी भूमि पर अस्थिर खड़ा है।

सरकार को चाहिए कि इस योजना को केवल तकनीकी परियोजना न मानकर किसान के अधिकार–संरक्षण के अभियान के रूप में देखे। प्रत्येक तहसील में पुनः सर्वेक्षण कराया जाए, ग्राम सभाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, और योजना की निर्देशिका के अनुरूप 'मौका स्थिति' का भौतिक सत्यापन करते हुए ही रिकॉर्ड तैयार किए जाएँ। कृषि भूमि धारक, गोचर, औरण, जोहड़–पायतन तथा आबादी भूमि पर कौन, कहाँ और किस स्थिति में काबिज है–यह विवरण सटीक रूप से दर्ज किया जाए। जो कंपनियाँ नियमों की अवहेलना कर रही हैं या बिना स्थलीय सत्यापन के रिपोर्ट दे रही हैं, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई अनिवार्य की जाए। भूमि का आधुनिकीकरण केवल डेटा में नहीं, बल्कि किसान के विश्वास और अधिकार में प्रतिबिंबित होना चाहिए।

**–सुचित्रा आर्य,**
**पूर्व विधायक एवं पूर्व उपाध्यक्ष, कृषि उद्योग विकास बोर्ड, राजस्थान**

# अफसरों की लापरवाही से हुए हादसों से मौतों पर सस्पैंशन काफी नहीं, जेल हो और पेंशन बंद हो



प्रो. वीर बहादुर सिंह

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश में सरकारी अफसरों और कर्मचारिओं की बढ़ती लापरवाही और घूसखोरी से आम जनता के हेतु बनी सुविधाओं से नित घटित होती नई दुर्घटनाओं में सैकड़ों लोगों की बिना उनके किसी अपराध के जान चली जाती है। ऐसी दुर्घटनाएं इस लोकतंत्र में एक आम बात है जो इस देश की जनता के लिए दुर्भाग्य के अतिरिक्त कुछ नहीं। लोगों को यह अहसास होना चाहिए कि पचहत्तर वर्ष में आदमी ही शरीर से जर्जर हो जाता है और कई उससे पहले ही अपनी स्वर्गलोक की यात्रा पर निकल लेते हैं फिर जर्जर हुआ लोकतंत्र कैसे संबल बना रह सकता है ?

इससे बढ़कर भी और दुर्भाग्य है कि संविधान जो बाबा साहब ने पचहत्तर वर्ष पूर्व लिखा था उस काल की परिस्थितिओं का आंकलन करते हुए, कैसे आज की स्तिथिओं में वह जनहित में बना रह सकता है? क्या उसमे वक्त के अनुसार बदलाव की कोई गुंजाइश नहीं? कई दिमागी तौर पर मूर्ख नेता यह कहते नहीं अघाते कि यह किताब परमानेंट है, स्थिर है और अपरिवर्तनीय है। बाबा साहेब यदि जीवित रहते तो वे लोक और उसके तंत्र की हालत देखकर अभी तक कितने अनगिनित बदलाव कर देते और संभवतया पूरी किताब ही बदल डालते ?

अभिशप्त है देश की जनता वह न तो बाबा साहेब को समझ पाई और न उनकी लिखी पुस्तक में निहित भावना को। मैं यह मानता हूँ कि बाबा साहेब के समय देश की जनता घोर अशिक्षितता से ग्रसित थी और बाद के सालों में शिक्षित तो बनी परन्तु मूढ़ होती चली गई। आज देश की स्थिति ऐसी हो चुकी है कि विदेशी कोई भी आक्रांता अपने हुनर और पटाओ तकनीक से देश पर बिना खून खराबे के काबिज होकर शासन कर सकता है। आम जनता में कुब्बत बची ही नहीं और जो जीवंत है भी, उसे सत्तर सालों में पैदा हुए अहिरावण, हरने के लिए तैयार बैठे हैं।

एक अखबार में छपे अभी हाल का प्रकरण, राजस्थान के जैसलमेर जिले में एक एयर कंडीशन बस में आग लगने से सवारियां बाहर निकल ही नहीं सकीं, बस के खिड़किओं के शीशे भी जाम थे, इमरजेंसी गेट भी बंद मिला वहां एक यात्री सीट लगाकर उस गेट के महत्व को ही ख़त्म किया हुआ था। बीस यात्री तो जल के उसी में मर गए। केवल चार लोग किसी प्रकार कूद गए लेकिन सोलह यात्री बुरी तरह झुलस गए। यह दुर्घटना लापरवाही और समयावधि से उचित देखरेख के आभाव में घटी।

अखबार कहता है कि एसी गैस लीक होने और शार्ट सर्किट के कारण आग लगी। प्रश्न उठता है कि बस में आग बुझाने का यंत्र था अथवा नहीं? आग बुझाने का क्रियाशील यंत्र होने पर आग दिखते ही बुझाई जा सकती थी और एक बड़े हादसे को रोका जाना संभव था। सरकारी लापरवाही की हद तो तब हो गयी जब झुलसे हुए लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए निकट कोई ट्रॉमा अस्पताल नहीं मिला। यह भी आज़ाद देश की आज़ादी का एक नमूना है या तोहफा।

अखबार की खबर के अनुसार हादसे से 280 किलोमीटर तक कोई मेडिकल सुविधा उपलब्ध नहीं थी। खबर कहती है कि 100 ट्रॉमा सेण्टर प्रदेश में बनने थे, उनके टेंडर भी हो चुके थे लेकिन वे सभी अकारण निरस्त कर दिए गए और बाद में पुनः टेंडर नहीं किये गये, क्यों? किस अफसर ने मना किया कि पुनः टेंडर नहीं करनें हैं? यह मसला वर्ष 2021 का है जब केंद्र सरकार ने 85 करोड़ रुपये प्रति ट्रॉमा सेण्टर के हिसाब से राज्य को धन दिया था उस समय कहते हैं कि राजस्थान में कांग्रेस की गहलोत सरकार थी। जो वर्ष 2024 तक कार्यरत रही जब तक कि बीजेपी की सरकार नहीं बन गई।

यह हादसा अनेक प्रश्न छोड़ता है। केंद्र के धन उपलब्ध करने के पश्चात् भी राज्य ने ट्रॉमा सेण्टर क्यों नहीं बनाये? कौन मंत्री, कौन सचिव इस लैप्स के लिए दोषी हैं? तबके मुख्यमंत्री सहित, सम्बंधित मंत्री और सचिव को वर्तमान सरकार यथा शीघ्र सलाखों के अंदर डाले ताकि यह मिसाल बन सके आगे के लिए कि ऐसा जन विरोधी लैप्स कोई मंत्री या सचिव न कर सके। जब अनेक जिंदगीयां हादसे में स्वाह हो जाती हैं तो उन्हें बचाने के लिए यदि सजा के बतौर दो–तीन सरकारी लोग कुर्बान किये जा सकें तब भी कुल मिलाकर सौदा सस्ता ही रहेगा।

जब तक प्रदेश की जनता अपने और अपनों के हित के लिए उद्वेलित नहीं होगी सरकारी लापरवाहियां घटती रहेंगी। क्योंकि इस लोकतंत्र में प्रशासन अपने आप सक्रीय नहीं होता जब तक कि कोई पुलिस रिपोर्ट अथवा जन आंदोलन सरकार की खुमारी नहीं उडा दे लोग ऐसे ही बेमौत मरते रहेंगे और मंत्री, मुख्यमंत्री घड़ियाली आंसू बहा कर जनता के ही टैक्स से अर्जित धन में से ऐसी मौतों पर एक दो लाख रुपये मृतकों के परिजनों को सांत्वना स्वरुप मुआवजा देकर अपनी जिम्मेदारी की इति श्री कर लेगी और परिजन धन प्राप्त कर मरने वाले को दुआएं देते नहीं थकेंगे और सांत्वना देने वाली सरकार की जय बोलते रहेंगे।

किसी भी सामाजिक समूह में अथवा किसी भी व्यक्ति में यह साहस है कि वह पूछ सके कि अमुक कार्य में लापरवाही क्यों? काम पूरा करने में देरी क्यों? घटिया काम क्यों? ऐसे सवाल हर जागरूक नागरिक की जुबान पर होने चाहिए। जैसलमेर ज़िले की यह बस दुखांतिका में उपजे अनेक सवालों से सम्बंधित सरकारी मंत्री और सचिव आदि से उनके उत्तर माँगना अब आवश्यक हो गया है, यथा शीघ्र नोटिस देकर सबसे पहले जिम्मेदारों –आरटीओ, बस पंजीयक, वित्त सचिव, यातायात सचिव और तत्कालीन मुख्य मंत्री को समेटते हुए वर्तमान सरकार अपनी सामर्थ से उदाहरणीय सजा दे ऐसी अपेक्षा की जाती है जिससे लापरवाही के कारण मौत के मुंह में जाने से लोग बच सकें। वर्तमान भारतीय जनता पार्टी की सरकार में क्या इतना साहस है कि वह यह सब कर सके ?

**–प्रो. वीर बहादुर सिंह,**
**सेवा निवृत पूर्व कुलपति,**
**स्वतंत्र विचारक और लेखक,**
**उदयपुर।**

# चिकित्सीय लापरवाही के मामले में उपभोक्ता आयोग ने मरीज के पक्ष में फैसला सुनाया

- **आपरेशन में लापरवाही बरतने पर मरीज की एक आंख की रोशनी चली गई थी**
- **साढ़े छह लाख रूपए की मुआवजा राशि 10 साल के ब्याज के साथ देनी होगी**

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील एवं सदस्य प्रमेंद्र कुमार सैनी की बैंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में चिकित्सीय लापरवाही के मामले में मरीज के पक्ष में फैसला सुनाया है। आयोग ने सेठ आनंदराम जयपुरिया नेत्र हॉस्पिटल स्टेशन रोड नवलगढ़ व चिकित्सक डॉ. ईसरत सदानी को छह लाख पचास हजार रुपए का मुआवजा 45 दिवस के भीतर पीड़िता को अदा करने के आदेश दिए हैं।

उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष एवं पीठासीन अधिकारी मनोज कुमार मील ने फैसले में लिखा है कि प्रकृति ने मानव, पशु–पक्षी में कोई भेदभाव नहीं करते हुए सभी को दो आंखों का उपहार दिया है। एक–एक आंख का अपना अलग महत्व है। जब एक मानव अपनी पीड़ा लेकर चिकित्सक के पास आता है, तो वह उम्मीदों से भरा रहता है। वह चिकित्सक पर उसी रूप में विश्वास करता है, जिस प्रकार एक सद्भावी व्यक्ति अपने ईष्ट देवता या प्राकृतिक रूप से मौजूद सूर्य, जल, वायु व अग्नि के होने का विश्वास करता है। आयोग की टिप्पणी है कि इस प्रकरण में माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा मेडिकल नेगलीजेंसी के मामलों में सुस्थापित विधि की अवधारणा परिस्थितियां स्वयं बोलती है का सिद्धांत लागू होता है। गौरतलब है कि वर्ष 2012 में परिवादी श्रीराम पुत्र नारायणराम निवासी जोगियों का बास तहसील लक्ष्मणगढ़ जिला सीकर ने आंख के उपचार के लिए सेठ आनंदराम जयपुरिया नेत्र हॉस्पिटल नवलगढ़ में ऑपरेशन करवाया था। ऑपरेशन के बाद मरीज को आंख में तेज दर्द, सूजन और दिखाई देने में परेशानी बनी रही। लगातार इलाज के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ। परिवादी ने वापस ऑपरेशन करने वाले चिकित्सक को दिखाया तब उसे दवाइयां दी गई, लेकिन तीन माह से अधिक समय बीत जाने पर भी स्वस्थ नहीं होने पर उसने झुंझुनूं, पिलानी, सीकर के बाद जयपुर स्थित एसएमएस अस्पताल में नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सकों को दिखाया, तो बताया गया कि आंख में लैंस सही नहीं लगाया गया है। परिवादी की नेत्र की रोशनी जाने पर उसने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में परिवाद पेश किया।

## राशिफल रविवार 26 अक्टूबर, 2025



पंडित अनिल शर्मा

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2082, ज्येष्ठा नक्षत्र प्रातः 10:47 तक, शोभन योग प्रातः 6:45 तक, बव करण सायं 4:57 तक, चन्द्रमा प्रातः 10:47 से धनु राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थितिः** सूर्य–तुला, चन्द्रमा–वृश्चिक, मंगल–तुला, बुध–वृश्चिक, गुरू–कर्क, शुक्र–कन्या, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में।

आज रवियोग दिन 10:47 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 10:47 से सूर्योदय तक है। आज सौभाग्य पंचमी व्रत, पांडव और लाभषचमी ज्ञान पंचमी है। आज से सूर्य षष्ठी व्रत तीन दिन का आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 8:00 से 9:24 तक, लाभ अमृत 9:24 से 12:11 तक, शुभ 1:34 से 2:58 तक।


**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:36, सूर्यास्त 5:46 तक

### मेष




नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यक्तिगत खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

### वृष




अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। मित्रों/रिश्तेदारों से अनबन हो सकती है। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

### मिथुन




परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### कर्क




अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। घर–परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

### सिंह




आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।

### कन्या




घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### तुला




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृश्चिक




व्यक्तिगत पारिवारिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। परिवार में आवश्यक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है। शुभ–मांगलिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है।

### धनु




मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मकर




घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। आज मन में असंतोष बना रहेगा।

### कुंभ



आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### मीन



अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।